लोक सभा अध्यक्ष ने मकर संक्रांति,पोंगल, बिहू एवं अन्य पर्वों की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 13 जनवरी, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मकर संक्रांति,पोंगल, बिहू एवं अन्य पर्वों की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है।

अपने ट्वीट संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"समस्त देशवासियों को लोहड़ी, मकर सक्रांति, पोंगल, उत्तरायण, माघ बिहू, शिशुर संक्रांत, खिचड़ी, पौष संक्रांति, माघे संक्रांति की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ। नवोन्मेष के ये पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, ख़ुशहाली और उत्साह लेकर आएं, यही कामना है।"